# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

# SAMPLE PAPER

**HALF YEARLY EXAM SESSION 20225 – 26**

**TIME: 3 HRS CLASS – VII SUBJECT : HINDI M.M:80**

**खंड – क (पठन)** **(15)**

**(1) दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।** (10)

आज समाज को सबसे अधिक आवश्यकता परिश्रम की है। परिश्रमी और ईमानदार व्यक्ति शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। उसी में अटूट विश्वास की भावना जागती है। परिश्रमी व्यक्ति परोपकारी होता है। वह दूसरे पर बोझ नही बनता । मेहनत ही समाज का दढ़ आधार है। परिश्रम व्यक्ति का एक ऐसा गुण है। जो समाज में ऊँच – नीच धनी – निर्धन आदि के भेदभाव को आसानी से मिटा सकता है। समाज में हर व्यक्ति यदि परिश्रम की कमाई खाए और एक दूसरे का शोषण न करे तो समाजवाद आ सकता है।

**(क)** समाज को किसकी सर्वाधिक आवश्यकता है ?
**(ख)** शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ कौन रहता है ?
**(ग)** समाजवाद लाने में कौन सहायक होते हैं ?
**(घ)** धनी शब्द का विलोम शब्द लिखें ।
**(ड)** समाज का दृढ़ आधार क्या है ?

**(2) दिए गए पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।**

(5)

कभी-कभी कड़वी भी होतीं, कभी लगें मिश्री से प्यारी।
बातें, डाँटें मात-पिता की, पर होतीं सचमुच हितकारी।।
मन में लेकर प्यार ढेर-सा, आशीषों की बरसा करते।
हमको पथ से भटका देखें, तो कुछ कहने से कब डरते।।
कभी-कभी ऐसा भी लगता, बिन कारण कुछ भी कहते हैं।
हम बेचारे छोटे-से हैं, इस कारण सब कुछ सहते हैं।।
पर ज्वर में यह सोच उस घड़ी खुद को ही कोसा करती है।
सोया जान हमें जब माँ आ माथे पर बोसा करती है।।
और पिता जी हाथ जोड़कर, आसमान की ओर देखते।
प्रेम पता चलता आँखों की जब हम भीगी कोर देखते।।
सचमुच, मात-पिता-सा जग में कौन यहाँ होता हितकारी।।
पिता बड़े बरगद जैसे हैं औ' माँ खिली-खिली फुलवारी।।

(क) माता-पिता की बातें और डाँटें कैसी होती हैं?
(*i*) हमेशा कड़वी ☐ (*ii*) हमेशा मीठी
(*iii*) कभी कड़वी और कभी मीठी ☐ (*iv*) इनमें से कोई नहीं

(ख) माता-पिता की डाँट को कैसा बताया गया है?
(*i*) हितकारी ☐ (*ii*) बहुत कोमल
(*iii*) बहुत कठोर ☐ (*iv*) सभी सही हैं

(ग) जब बच्चे को बुखार आता है, तब उसे सोया जानकर माँ क्या करती है?
(*i*) माथे को चूमती है ☐ (*ii*) उसका बुखार नापती है
(*iii*) उसका माथा दबाती है ☐ (*iv*) उसे उठाकर दवाई पिलाती है

(घ) पिता जी का बच्चे के प्रति प्रेम किस प्रकार प्रकट होता है?
(*i*) वे प्रभु से प्रार्थना करते हैं ☐ (*ii*) आँखों की गीली कोर देखकर
(*iii*) वे दवाई लेने के लिए चले जाते हैं ☐ (*iv*) (*i*) व (*iii*) दोनों सही हैं

(ङ) अंतिम पंक्तियों में पिता तथा माता को किनके समान माना गया है?
(*i*) बरगद तथा फुलवारी के समान ☐ (*ii*) फुलवारी तथा बरगद के समान
(*iii*) पीपल तथा बरगद के समान ☐ (*iv*) माता-पिता दोनों को बरगद

**खंण्ड – ख (व्याकरण)** **(20)**

**(3) दिए गए शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।** **(4x0.5=2)**

**(क)** घमंड **(ख)** गंगा **(ग)** दूध **(घ)** पत्नी

**(4) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।** **(4x0.5=2)**

**(क)** उष्ण **(ख)** कायर **(ग)** ग्रामीण **(घ)** क्षम्य

**(5) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।** **(2x1=2)**

**(क)** आलोचना करने वाला **(ख)** जो छोडा न जा सके

**(6) दिए गए शब्दों के भिन्नार्थक शब्द लिखें।** **(2x1=2)**

**(क)** पवन **(ख)** कर्म

प्वन क्रम

**(7) अनेकार्थक शब्द लिखे।** **(2x1=2)**

**(क)** राग **(ख)** तात

**(8) दिए गए उपसर्ग प्रयोग से दो – दो शब्द बनाइए ।** **(2x1=2)**

**(क)** अभि अप

**(9) निम्नलिखित वाक्यों में सही वाच्य पर (√) निशान लगाइए ।** **(3x1=3)**

**(क)** बच्चा सो गया

(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य

**(ख)** हेमा द्वारा गाना गाया जाता है ।

(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य

**(ग)** रमा से खाया नही जाता ।

(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य

**(10) निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य तथा विधेय को अलग – अलग करके लिखिए ।** **(2x1=2)**

**(क)** आप यहाँ बैठे रहिए ।

**(ख)** राजपूत राजाओ की शान ही निराली थी ।

**(11) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए ।** **(3x1=3)**

**(क)** गयान **(ख)** प्रतिग्या **(ग)** छमा

## <u>खंण्ड – ग</u> (पाठय – पुस्तिका) **(30)**

**(12) अति लघु उत्तर लिखिए ।** (4x1=4)

**(क)** माँ नानी की बेटी है। ये बालक को किसने बताया ?

**(ख)** सुनेली का मन अपने गाँव से क्यों उचट गया था ?

**(ग)** मैरीकॉम कौन हैं और उनका जन्म कब हुआ ?

**(घ)** स्वामीनाथन ने राजम को विदाई के उपहार स्वरूप कौन सी पुस्तक दी ?

**(13) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।** (5x3=15)

**(क)** सब बच्चों ने मिलकर चिनम्मा की लड़की के लिए क्या किया ?

**(ख)** स्वामीनाथन प्लेटफार्म पर राजम से क्यों नहीं मिला ?

**(ग)** एक सच्चे दोस्त में कौन से गुण होने चाहिए ?

**(घ)** कोच सिंह से मैरी ने क्या आग्रह किया ?

**(ड)** सुनेली के बेटे उसकी बात पर क्यों हँसने लगे ?

**(14) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखें।** (4x2=8)

**(क)** शांत उपवन में सहसा क्या घटित हुआ ? इसने किस प्रकार शांति भंग कर दी ?

**(ख)** कुएँ में पानी कैसे भर गया ? उसे देखकर सुनेली की क्या इच्छा हुई ?

**(ग)** कोच सिंह द्वारा बताए गए नियमों का भाव स्पष्ट कीजिए ।

**(15) दिए गए प्रश्नों में उचित विकल्प पर (√) का निशान लगाइए ।** (3x1=3)

**(क)** मैरी कॉम को बॉक्सर बनने की प्रेरणा किससे मिली ?

(1) डिग्को सिंह (2) देहरादून (3) तिचना पल्ली

**(ख)** राजम मालगुडी छोड़कर कहाँ जा रहा था ?

(1) छात्रावास (2) देहरादून (3) त्रिचनापल्ली

**(ग)** चिनम्मा कैसी लग रही थी ?

(1) दुखी (2) असहाय (3) प्रसंन्न

## <u>खंड – घ</u> (लेखन) **(15)**

**(16) कक्षा में आए नए विदयार्थी और रोहन के बीच का संवाद लिखिए ।** (8)

**(17)** भारत की संस्कृति । (7)

**या**

दूरर्शन (एवं) दूरभाष किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें।